# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

### फरवरी-मार्च, 2007 सत्र

### सोमवार, दिनांक 26 फरवरी, 2007

### तारांकित प्रश्नोत्तर

राज्य शासन एवं टाटा के मध्य एम. ओ. यू.

1. (*क्र. 799) **मोहम्मद अकबर :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य शासन एवं टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी के मध्य बस्तर में इस्पात संयंत्र स्थापित करने के संबंध में किए गए एम. ओ. यू. के अंतर्गत तय शर्तों के मुताबिक कंडिकावार क्या-क्या कार्यवाही राज्य शासन एवं टाटा कंपनी के द्वारा 01 फरवरी, 2007 की स्थिति में अलग-अलग पूर्ण की गई है ? (ख) कुल कितनी शासकीय/अर्जित भूमि का प्रदाय उक्त कंपनी को किया जा चुका है तथा प्रदाय की गई भूमि में कुल कितने वृक्ष हैं ? उद्योग निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्र की जा रही है.

भाटापारा बलौदा बाजार सड़क मार्ग के मध्य जमनैया (खैरी) नाला में पुल निर्माण

2. (*क्र. 431) **श्री चैतराम साहू :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के भाटापारा बलौदा बाजार सड़क मार्ग के मध्य जमनैया नाला में निर्मित पुल के (बाढ़ से क्षतिग्रस्त) मरम्मत निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2006 में कितनी राशि की प्रशासकीय स्वीकृति कब-कब प्रदान की गई ? (ख) प्राप्त राशि में किस-किस कार्य पर, कितना-कितना व्यय किस एजेंसी/ठेकेदार के द्वारा किया गया है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) दिनांक 6-11-2006 को रु. 4.22 लाख एवं रु. 4.87 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है. (ख) क्षतिग्रस्त पुल को सुधारने हेतु कांक्रिट का कार्य मेसर्स ताम्रकार कंस्ट्रक्शन ठेकेदार सिमगा के द्वारा किया गया है, जिसका रु. 4.10 लाख का भुगतान किया गया एवं पुल के बेयरिंग कोट हेतु डामरीकरण का कार्य मेसर्स प्रमोद कंस्ट्रक्शन कम्पनी भाटापारा द्वारा किया गया है जिसके लिये उन्हें रु. 2.20 लाख का भुगतान किया गया है.

"अभनपुर-सारखी-कोलर रिकारी" मार्ग एवं "नवापारा-छाटा-कठिया" मार्ग की प्रशासकीय स्वीकृति

3. (*क्र. 803) **श्री धनेन्द्र साहू :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) "अभनपुर-सारखी-कोलर रिकारी" मार्ग एवं "नवापारा-छाटा-कठिया" मार्ग की प्रशासकीय स्वीकृति कब दी गई एवं ठेका किस-किस ठेकेदार को कब दिया गया तथा समयवृद्धि कब-कब कितनी-कितनी अवधि के लिए की गयी, वर्तमान में कार्य की प्रगति कितने प्रतिशत है ? (ख) प्रश्नांश (क) में वर्णित सड़कों के अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण किए जावेंगे ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है. (ख) "निर्धारित तिथि बताना संभव नहीं है."

धारा 145 के तहत दर्ज प्रकरणों का निराकरण

4. (*क्र. 32) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) धारा 145 (सी. आर. पी. सी.) के तहत वर्ष 2006-2007 में जिला-रायपुर, महासमुंद, दुर्ग में एस. डी. एम. कोर्ट में कितने-कितने प्रकरण दर्ज किए गए ? जिलेवार जानकारी देवें ?

---

† परिशिष्ट "एक"

(ख) कंडिका "क" के प्रकरणों के विवादित प्रकरणों में कार्यवाही, फसल तैयार होने के बाद कितने प्रकरणों में की गई ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) 210 प्रकरण दर्ज किये गये. जिला-रायपुर में-67, जिला महासमुंद में 25 एवं जिला दुर्ग में 118. (ख) रायपुर जिला में 28, महासमुंद में 25 एवं दुर्ग जिले में 20.

सड़क निर्माण में अनियमितता पर ठेकेदारों से वसूली की कार्यवाही

5. (*क्र. 571) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 31 जुलाई, 2004 की स्थिति में घटिया डामर का उपयोग करने के परिणाम स्वरूप ठेकेदारों से कुल कितनी राशि वसूली की जानी थी ? (ख) 31 दिसम्बर, 2006 की स्थिति में किन-किन ठेकेदारों से कितनी-कितनी राशि वसूली हेतु बकाया है ? (ग) किन ठेकेदारों द्वारा राशि जमा नहीं की जा रही हैं ? उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ? (घ) क्या कंडिका (ख) में बकाया राशि वाले ठेकेदारों को 1 जनवरी, 2006 से 31 जनवरी, 2007 तक पुन: किसी सड़क निर्माण हेतु ठेका दिया गया है ? यदि हां, तो सड़क का नाम, दूरी, सड़क निर्माण हेतु स्वीकृत राशि कितनी-कितनी है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) निर्धारित ग्रेड के डामर के स्थान पर अन्य ग्रेड के डामर का इस्तेमाल करने पर कुल 95,04,715/- वसूल करनी थी. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "अ" के कॉलम क्र. 6 के अनुसार है. (ग) ऐसे प्रकरणों में वसूली हेतु पर्याप्त राशि ठेकेदारों के देयकों से रोककर रखी गई है. अन्तिम निर्णय शेष है. (घ) जी हां, जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "ब" में है.

बलात्कार एवं हत्या के दर्ज प्रकरण

6. (*क्र. 637) **डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006 में बस्तर एवं दंतेवाड़ा में बलात्कार एवं हत्या की कुल कितनी घटनाएं दर्ज हुई हैं ? माहवार जानकारी दी जाए. (ख) कितने में चालान प्रस्तुत किया गया है. कितने में विवेचना जारी है ? (ग) बलात्कार एवं हत्या की घटनाओं में 2005 की तुलना में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला बस्तर में वर्ष 2006 में बलात्कार की 71 तथा हत्या की 62 घटनाएं एवं जिला दंतेवाड़ा में बलात्कार की 14 तथा हत्या की 88 घटनाएं घटित हुई हैं. माहवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है. (ख) चालान प्रस्तुत किये गये एवं विवेचनाधीन प्रकरणों की जानकारी निम्नानुसार है.

| जिला | | चालान प्रस्तुत प्रकरण की संख्या | विचाराधीन प्रकरणों की संख्या |
|---|---|---|---|
| बस्तर | हत्या | 51 | 07 |
| | बलात्कार | 70 | 01 |
| दंतेवाड़ा | हत्या | 53 | 33 |
| | बलात्कार | 14 | 00 |

(ग) बलात्कार एवं हत्या की घटनाओं में 2005 की तुलना में वृद्धि का प्रतिशत निम्नानुसार है.

| जिला | | वृद्धि/कमी का प्रतिशत |
|---|---|---|
| बस्तर | हत्या | 01.58 प्रतिशत की कमी |
| | बलात्कार | 04.05 प्रतिशत की कमी |
| दंतेवाड़ा | हत्या | 20.14 प्रतिशत की वृद्धि |
| | बलात्कार | 06.66 प्रतिशत की कमी |

† परिशिष्ट "दो"

अनु. जाति, जनजाति के लोगों को लघु उद्योग की लगाने हेतु स्वीकृत राशि

7. (*क्र. 517) **श्री चुरावन मंगेशकर :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले में लघु उद्योग लगाने के लिये अनु. जाति, जनजाति के कितने हितग्राही को किन-किन योजना के तहत राशि स्वीकृत की गई एवं लघु उद्योग कहां-कहां स्थापित है ? वर्ष 2005-06 की जानकारी विकासखण्डवार देवें ? (ख) जरहागांव विधान सभा क्षेत्र के कितने हितग्राहियों को किन-किन योजना के तहत लघु उद्योग की राशि स्वीकृत की गई है ? वर्ष 2005-06 की जानकारी देवें ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) वर्ष 2005-06 में बिलासपुर जिले में अनुसूचित जाति, जनजाति के 12 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत रुपये 7.045 लाख राशि स्वीकृत की गई है. इन स्वीकृत प्रकरणों में से 09 हितग्राहियों ने उद्योग स्थापित किया है. विस्तृत जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" पर है. (ख) वर्ष 2005-06 में जरहागांव विधान सभा क्षेत्र के 04 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत रुपये 2.50 लाख राशि स्वीकृति की गई है. विस्तृत जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" पर है.

आत्मसमर्पित नक्सलियों की जानकारी

8. (*क्र. 96) **श्री उदय मुदलियार :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या 03 जनवरी, 2007 को बस्तर जिले के नक्सलियों ने पुलिस मुख्यालय (पी. एच. क्यू.) रायपुर छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के समक्ष आत्मसमर्पण किया ? (ख) यदि हां, तो कितने एवं किन-किन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया ? आत्मसमर्पित नक्सलियों में कितने इनामी नक्सली, कितने वारंटी नक्सली, एवं कितने संघम सदस्य थे ? (ग) आत्मसमर्पित के खिलाफ किन-किन थानों में रिपोर्ट दर्ज थी ? (घ) समर्पण के बाद नक्सलियों को कहां भेजा गया एवं वर्तमान में समर्पण करने वाले नक्सली किन-किन जेलों में हैं ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हां. (ख) 79 नक्सली/संघम सदस्यों ने आत्मसमर्पण किया है. इनमें से 23 नक्सली/संघम सदस्य के विरुद्ध ईनाम घोषित किया गया है, 62 नक्सली/संघम सदस्य वारंटी है. (ग) आत्मसमर्पित के खिलाफ थाना धनोरा, फरसगांव में रिपोर्ट दर्ज थी. (घ) समर्पण के बाद 62 नक्सली/संघम सदस्य केन्द्रीय जेल, जगदलपुर में है. शेष 17 संघम सदस्य जिनके द्वारा स्वेच्छा से समाज की मुख्य धारा में जुड़कर शासन का सहयोग किये जाने हेतु आत्मसमर्पण किया गया है. ग्रामवासी, ग्राम के पंच, सरपंच, सचिव एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा इन्हें नेक आचरण का आश्वासन दिये जाने पर अपने घर वापस चले गये.

विभाग में पुलिस महानिरीक्षक (जेल) के पद की पदस्थापना

9. (*क्र. 773) **श्री भूपेश बघेल :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिनांक 26 जनवरी, 2007 तक जेल विभाग में पुलिस महानिरीक्षक (जेल) के पद पर कौन पदस्थ हैं ? यदि नहीं, तो पुलिस महानिरीक्षक (जेल) का कार्य भार किनके पास है ? (ख) श्री पी. डी. वर्मा किस संवर्ग के अधिकारी है ? (ग) क्या श्री पी. डी. वर्मा को पुलिस महानिरीक्षक (जेल) के कार्य निष्पादन करने का संवैधानिक अधिकार है ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) दिनांक 26 जनवरी, 2007 तक जेल विभाग में पुलिस महानिरीक्षक (जेल) के पद पर शासन द्वारा किसी अधिकारी की पदस्थापना नहीं की गई थी. पुलिस महानिरीक्षक (जेल) का चालू कार्य भार जेल उप महानिरीक्षक के पास था. (ख) श्री पी. डी. वर्मा, मूलतः जेल विभाग में अधीक्षक केन्द्रीय जेल संवर्ग के अधिकारी हैं. (ग) जी हां.

बलौदा बाजार से गिधौरी मार्ग का डामरीकरण

10. (*क्र. 491) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के अंतर्गत बलौदाबाजार से गिधौरी तक से सड़क का मजबूतीकरण एवं डामरीकरण का कार्य कब प्रारंभ किया गया ? (ख) उक्त सड़क के निर्माण हेतु कितनी राशि कब-कब स्वीकृत की गयी ? (ग) उक्त सड़क का कार्य पूर्ण होने की समय सीमा क्या है ? (घ) उक्त सड़क का मजबूतीकरण एवं डामरीकरण करने वाली एजेंसी का नाम क्या है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) बलौदाबाजार से कसडोल (28 कि. मी.) के बीच दिनांक 20-09-2005 को कार्य प्रारंभ किया गया. कसडोल से गिधौरी के बीच मजबूतीकरण एवं डामरीकरण कार्य नहीं किया गया. (ख) उक्त सड़क के लिये केवल बलौदाबाजार से लवन

† परिशिष्ट "तीन"

महानदी मार्ग (26 से 47 कि. मी.) मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण के लिये दिनांक 23-3-2005 को रु. 591.83 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई. (ग) 18 माह वर्षा काल सहित. (घ) मेसर्स भुल्लर कंस्ट्रक्शन कम्पनी दर्री रोड कोरबा.

## बिलासपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार्य की स्वीकृति

11. (*क्र. 688) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर से रायपुर की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिलासपुर से चंदखुरी के बीच, कि. मी. 94-95 में सड़क नवीनीकरण या सुदृढ़ीकरण, डब्ल्यू. बी. एम. एवं टारिंग का कार्य का प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति एवं कार्य प्रारंभ कब किया गया तिथिवार जानकारी दें तथा कार्य की लागत बताएं ? क्या यह कार्य माह जुलाई, 2006 से प्रारंभ होकर दिनांक 24-01-2007 तक चल रहा है ? यदि हां, तो कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा ? (ख) क्या यह सत्य है कि बिलासपुर से नांदघाट के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो नये पुलिया का निर्माण किया जा रहा है ? यदि हां, तो यह पुलिया किस दिनांक से बनना शुरू हुआ है एवं कब तक पूर्ण होने की संभावना है ? प्रत्येक पुल्यिा की प्राक्कलित राशि कितनी है और वास्तविक व्यय कितना होगा ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) कि. मी. 94 में कोई कार्य स्वीकृत नहीं है. कि. मी. 95/6 से 97/4 में एफ. डी. आर. के अंतर्गत दिनांक 27-03-2006 को स्वीकृत. दिनांक 16-06-2006 को कार्यादेश जारी. दिनांक 10-07-2006 को कार्य प्रारंभ. कार्य की अनुमानित लागत रुपये 47.68 लाख. जी हां. कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि दिनांक 31-03-2007. (ख) जी नहीं. पुनर्निर्माण हो रहा है. माह 12/2006 से कार्य प्रारंभ. कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि दिनांक 31-03-2007 तक. प्रत्येक पुलिया की अनुमानित लागत रु. 6.5 लाख. प्रत्येक पुल का वास्तविक व्यय कार्य की पूर्णता पर बताया जा सकेगा.

## औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु चयनित भूमि

12. (*क्र. 140) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिल्हा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत बिल्हा क्षेत्र के आसपास कुल कितने क्षेत्रफल में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किया जाना प्रस्तावित है ? (ख) कौन-कौन से ग्रामों की कितनी-कितनी शासकीय एवम् निजी भूमि का चयन किया गया है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) बिल्हा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत बिल्हा क्षेत्र के आसपास कुल 795.920 हेक्टेयर क्षेत्र में वृहद औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किया जाना प्रस्तावित है. (ख) वृहद औद्योगिक क्षेत्र हेतु कुल 7 ग्रामों की 251.328 हेक्टेयर शासकीय एवं 544.592 हेक्टेयर निजी भूमि का चयन किया गया है. ग्रामवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट में है.

## सड़क दुर्घटना के मृतकों के परिजनों को मुआवजा

13. (*क्र. 530) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले में 01 अगस्त 2006 से 31 जनवरी 2007 तक सड़क दुर्घटना से कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई ? (ख) उक्त अवधि में मृतकों के परिजनों को कुल कितनी राशि प्रदान की गई ? (ग) उक्त दुर्घटनाओं में कुल कितने वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) रायपुर जिले में 01 अगस्त, 2006 से 31 जनवरी, 2007 तक सड़क दुर्घटना में 250 व्यक्तियों की मृत्यु हुई. (ख) उक्त अवधि में मृतकों के परिजनों को कुल रुपये 3,60,000 प्रदान की गई है. (ग) उक्त अवधि की दुर्घटनाओं में कुल 160 वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई.

## बिलासपुर-कोरबा सड़क मार्ग को बी. ओ. टी. के अंतर्गत ठेकेदारों को देने के संबंध में

14. (*क्र. 469) **श्री अमरजीत भगत :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या बिलासपुर से कोरबा व्हाया कटघोरा सड़क मार्ग का निर्माण बी. ओ. टी. के तहत किया जा रहा है ? यदि हां, तो ठेकेदारों के नाम, पता के साथ यह भी बतावें की यह किस दिनांक से किस दिनांक तक के लिए दिया गया है ? (ख) क्या इस कार्य हेतु विभाग द्वारा निविदा बुलाई गई थी ? यदि हां, तो किन-किन समाचार पत्रों में इसका प्रकाशन किया गया था ? निविदा की शर्तों की प्रति उपलब्ध करावें ? (ग) क्या उक्त मार्ग अब राष्ट्रीय राज्य मार्ग घोषित हो चुका है ?

---

† परिशिष्ट "चार"

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) जी हां. ठेकेदार का नाम मेसर्स रामअवतार अग्रवाल रोड कंस्ट्रक्शन (प्रा) लिमिटेड अ-5 वर्ग ठेकेदार चिनार काम्पलेक्स लिंक रोड, बिलासपुर दिनांक 6-3-2002 से दिनांक 2-9-2017 तक (5474 दिन के लिए). (ख) जी हां. निविदा विज्ञप्ति का प्रकाशन निम्नानुसार है :-

(1) दैनिक भास्कर (दि. 26-9-01)
(2) देशबन्धु (दि. 27-09-01)
(3) टाईम्स आफ इंडिया (दि. 28-9-2001)
(4) हिन्दुस्तान टाइम्स (दिनांक 30-09-01)
(5) दैनिक भास्कर (दि. 13-10-01)
(6) हिन्दुस्तान टाइम्स (दि. 17-10-01)
(7) टाईम्स आफ इंडिया (दि. 18-10-01)

निविदाओं के शर्तों की छायाप्रति पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है. (ग) जी हां. बिलासपुर से कटघोरा होते हुए अंबिकापुर तक.

### खेरथा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत निर्माण कार्यों में प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

15. (*क्र. 122) **डॉ. बालमुकुंद देवांगन :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि खेरथा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2004-05 एवं 2005-06 में निर्माणाधीन अर्जुन्दा-राजनांदगांव एवं खप्परवाड़ा-डौकीडीह मार्ग, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुन्दा एवं देवरीबंगला के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है ? (ख) यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गयी ? (ग) यदि नहीं, तो कब एवं क्या कार्यवाही करेंगे ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) जी हां. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुन्दा को छोड़कर. (ख) प्राप्त शिकायतों की जांच की गई एवं जो कमियां पायी गई उसका सुधार किया गया. (ग) प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

### जिला जांजगीर-चांपा में दर्ज आपराधिक प्रकरणों पर कार्यवाही

16. (*क्र. 61) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जिला जांजगीर-चांपा में 2006-07 में चोरी, हत्या, मारपीट, बलात्कार की कितनी घटनाएं हुई ? कितने प्रकरण में अपराधी पकड़े गए ? विकासखंडवार जानकारी दें ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : जिला जांजगीर-चांपा में 2006-07 में चोरी-290, हत्या-54, मारपीट-271, बलात्कार-46, कुल 661 घटनाएं घटित हुई, जिनमें से कुल 447 प्रकरणों में 824 अपराधी पकड़े गए हैं. विकासखंडवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है.

### रायगढ़ जिलों के थानों में विभिन्न अपराधों के दर्ज प्रकरण

17. (*क्र. 01) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-07 में दिनांक 27-01-2007 तक रायगढ़ जिले के विभिन्न थाने क्षेत्रों में दुर्घटना में मौत, हत्या, दहेज, हत्या के प्रयास, बलात्कार, अपहरण, अमानत में खयानत, धोखाधड़ी, लज्जा भंग, यौन उत्पीड़न, प्रताड़ना, बलवा के कितने-कितने प्रकरण दर्ज हैं ? थानावार जानकारी देवें ? (ख) जिले में हुई लूट-डैकेती के एवं चोरी की कुल घटनाओं में पुलिस कितने अपराधियों को पकड़ने में सफल हुई है ? इनसे कितनी राशि एवं सामग्री जब्त की गई है ? थानावार जानकारी देवें ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2006-07 में दिनांक 27-01-2007 तक रायगढ़ जिले के विभिन्न थाने क्षेत्रों में दुर्घटना में मौत, हत्या, दहेज हत्या के प्रयास, बलात्कार, अपहरण, अमानत में खयानत, धोखाधड़ी, लज्जा भंग, यौन उत्पीड़न, प्रताड़ना, बलवा के कुल दर्ज प्रकरण निम्नानुसार है :-

| दुर्घटना में मौत | हत्या | दहेज हत्या | हत्या के प्रयास | बलात्कार | अपहरण | अमानत में खयानत | धोखाधड़ी | लज्जा भंग | यौन उत्पीड़न | प्रताड़ना | बलवा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 163 | 55 | 04 | 25 | 42 | 08 | 17 | 20 | 100 | 07 | 28 | 71 |

† परिशिष्ट "पांच"

थानावार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" में है. (ख) जिले में हुई लूट-डैकेती के एवं चोरी की कुल घटनाओं में आरोपियों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी की जानकारी निम्नानुसार है :-

| अपराध शीर्ष | वर्ष 06-07 में दिनांक 27-01-07 तक | दर्ज प्रकरण | सफलता प्रकरण | | बरामद राशि/सामग्री की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | प्रकरण | अपराधी | |
| लूट | --,,-- | 21 | 14 | 40 | 2061920/- |
| डकैती | --,,-- | 13 | 13 | 70 | 165905/- |
| चोरी | --,,-- | 355 | 196 | 416 | 9760120/- |

थानेवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" में है.

## पुलिस हिरासत से फरार कैदियों की जानकारी

18. (*क्र. 811) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2003 से 31-01-2007 तक पुलिस हिरासत में रखे गये कितने कैदी पेशी एवं जेल स्थानांतरण के दौरान फरार हो गये ? (ख) प्रश्नांश "क" में, दोषी अधिकारी-कर्मचारी कौन-कौन है एवं उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2003 से 31-01-2007 तक पुलिस हिरासत में रखे गये कुल 66 बंदी पेशी एवं जेल स्थानांतरण के दौरान फरार हो गये. (ख) प्रश्नांश "क" में, दोषी अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके विरुद्ध की गई कार्यवाही का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में है.

## बजट में सम्मिलित मार्गों की प्रशासकीय स्वीकृति

19. (*क्र. 734) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महासमुंद जिले के सरायपाली विधान सभा क्षेत्रांतर्गत बजट वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में किन-किन मार्गों के लिए बजट प्रावधान दिया गया ? (ख) क्या प्रश्नांक "क" के मार्गों के निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? (ग) प्रश्नांक "क" के मार्गों के लिए कब-कब निविदाएं आमंत्रित की गई और उसके निर्माण के लिए क्या समय-सीमा तय की गई है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) वर्षवार एवं मार्गवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है. (ख) प्रशासकीय स्वीकृति प्रदत्त मार्गों की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट के कालम क्रमांक 5 के अनुसार एवं जिनकी प्रशासकीय स्वीकृति जारी नहीं हुई है उनका कारण कालम क्रमांक 13 के अनुसार है. (ग) † संलग्नपरिशिष्ट के कालम क्रमांक 10 में निविदा आमंत्रण की तिथि तथा कालम क्रमांक 12 में कार्य पूर्ण होने की समय-सीमा दर्शायी गई है.

## नवीन पुलिस थाना एवं चौकी की स्वीकृति

20. (*क्र. 330) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला बस्तर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर में कितने नवीन पुलिस थानों एवं पुलिस चौकियों की स्वीकृति वर्ष 2005-06 में कहां-कहां दी गई हैं ? (ख) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-हर्राकोडेर तथा ग्राम-ककनार में पुलिस चौकी प्रारंभ करने हेतु क्या शासन का प्रस्ताव है ? यदि हां, तो उक्त ग्रामों में कब तक प्रारंभ की जावेगी ? (ग) क्या बस्तर जिले के चित्रकोट जलप्रपात में नवीन पुलिस चौकी प्रारंभ करने हेतु स्वीकृति दी गई है ? यदि हां, तो कब तक प्रारंभ किया जावेगा ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2005-06 में जिला बस्तर के बाँसकोट एवं जिला दंतेवाड़ा के छिंदगढ़ में नवीन चौकी तथा जिला बस्तर के बड़ेडोंगर में नवीन थाने की स्वीकृति दी गई है. (ख) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-हर्राकोडेर तथा ग्राम-ककनार में पुलिस चौकी प्रारंभ करने का प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय से प्राप्त हुआ है. चौकियों का प्रस्ताव विचाराधीन है. (ग) जी हां. चित्रकोट जलप्रपात में चौकी प्रारंभ हो चुकी है.

---

† परिशिष्ट "छः"

जिला कांकेर के साल्हेटोला से भरकुट्टी मार्ग के निर्माण में अनियमितता पर कार्यवाही

21. (*क्र. 726) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कांकेर जिले के साल्हेटोला से भरकुट्टी सड़क निर्माण हेतु टेंडर कब किया गया ? किसे टेंडर स्वीकृत किया गया और कितनी राशि का ? (ख) प्रश्नांश "क" का कार्य संपादन निविदा अनुबंध के तहत् कब तक पूरा होना चाहिए था ? क्या अनुबंध की शर्तों का पालन हुआ ? यदि नहीं, तो क्या कार्यवाही की गई ? (ग) कंडिका "क" के कार्यों हेतु निविदाधारी को कब-कब किन कार्यों हेतु कितना भुगतान किया गया ? (घ) क्या, कंडिका "क" के कार्यों में अनियमितताओं एवं गुणवत्ता विहिन कार्यों की शिकायतें भी प्राप्त हुई ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही हुई ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) दिनांक 23-04-2004 को निविदा आमंत्रित. श्रीमती शिरोमणी माथुर ठेकेदार दल्ली राजहरा. ठेके की राशि रुपये 153.00 लाख है. (ख) दिनांक 30-10-2005 तक. जी नहीं. ठेकेदार का अनुबंध रिसाइंड कर दिया गया है. (ग) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है. (घ) जी हां. ठेकेदार के व्यय एवं उत्तरदायित्व पर कार्य का सुधार कार्य कराकर शेष कार्य को पूर्ण कराया जा रहा है.

सलवा जुडूम आन्दोलन के अंतर्गत शिविरों की जानकारी

22. (*क्र. 638) **डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सलवा जुडूम आन्दोलन प्रारंभ होने के बाद, कितने गावों के आदिवासियों को उनके निवास ग्राम के अलावा अन्य स्थानों में कितने शिविरों में ठहराया गया है ? (ख) उपरोक्त शिविर में कुल कितने आदिवासी परिवार रह रहे है तथा कुल कितनी जनसंख्या उक्त शिविरों में रह रही है. (ग) उपरोक्त शिविर में स्वास्थ्य/शिक्षा/प्रकाश/पानी की क्या व्यवस्था है ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) सलवा जुडूम आन्दोलन प्रारंभ होने के बाद, 308 गांव के आदिवासियों को उनके निवास ग्राम के अलावा 20 अन्य स्थानों पर स्थित अस्थायी राहत शिविरों में ठहराया गया है. (ख) उपरोक्त शिविरों में कुल 9653 परिवार रह रहे हैं, जिसमें से 95 प्रतिशत परिवार आदिवासी हैं. शिविरों में कुल 47,425 शिविरार्थी निवास कर रहे हैं. (ग) उपरोक्त शिविरों में रहने वाले शिविरार्थियों को शासन की ओर से सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं जैसे सुरक्षा, भोजन, चिकित्सा, पेयजल, बच्चों की शिक्षा, आंगनवाड़ी, व्यवसायिक प्रशिक्षण आदि की सुविधा निःशुल्क रूप से उपलब्ध करायी जा रही है. शिविरों में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था है. शिविर स्थल के आस-पास रोजगार मूलक कार्य खोलकर उन्हें दैनिक रोजगार की सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है.

राजनांदगांव शहर में बायपास रोड हेतु जमीन का अधिग्रहण एवं स्वीकृत राशि

23. (*क्र. 97) **श्री उदय मुदलियार :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव शहर के बायपास रोड के लिए कितनी राशि कब स्वीकृत की गयी है ? (ख) उक्त बायपास रोड के लिए जमीन अधिग्रहण हेतु कितनी राशि पी. डब्ल्यू. डी./नेशनल हाईवे को प्रदान की गयी है ? (ग) उक्त बायपास रोड का निर्माण कार्य कब तक प्रारंभ होगा ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) एवं (ख) भू-अर्जन कार्य के लिये रुपये 585 लाख स्वीकृत. (ग) निश्चित तिथि बताना संभव नहीं है.

नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण

24. (*क्र. 689) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या दिनांक 1-1-07 से लेकर 4-01-07 के मध्य रायपुर में माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर हथियार डाले ? यदि हां, तो किस दिनांक को, कहां पर, कितने नक्सलियों ने, कौन-कौन से हथियार डाले ? नक्सलियों के नाम गांव एवं उन पर कायम अपराध का विवरण दें ? (ख) प्रश्नांश "क" में पूछे गये नक्सलियों के हथियार सहित समर्पण हेतु उन्हें पहले कहां एवं कब एकत्र कर रायपुर कब, किस वाहन से लाया गया है ? (ग) आत्म समर्पित नक्सलियों में से कितनों के ऊपर किसी प्रकार का अपराध दर्ज नहीं है, उनका नाम, गांव का नाम बताकर यह बतायें कि उन्हें नक्सली बताकर क्यों समर्पण कराया गया है ? क्या इस प्रकरण की जांच करायेंगे ? (घ) क्या यह सत्य है कि उस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विधायक ने प्रश्न (क) के आत्म समर्पण को नक्सली का समर्पण न होकर जांच की मांग की है यदि हां तो क्या उसकी जांच करायेंगे ?

† परिशिष्ट "सात"

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हां. दिनांक 3-1-2007 को 79 नक्सली/संघम सदस्यों के द्वारा ग्रामवासियों की मदद से पुलिस मुख्यालय रायपुर में आत्मसमर्पण किया गया तथा उनसे 06 भरमार बंदूक हथियार बरामद किये गये थे जिसे प्रस्तुत किया गया था. नक्सलियों के नाम, गांव एवं उन पर कायम अपराध का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है. (ख ) आत्मसमर्पित नक्सलियों को ग्रामीणों द्वारा समर्पण हेतु वाहन की मांग की जाने पर रक्षित केन्द्र जगदलपुर द्वारा वाहन प्रदान किया गया. पश्चात् वे स्वयं किसी स्थान में एकत्र होकर दिनांक 3-1-2007 को ही रायपुर आये. (ग) आत्म समर्पित 79 नक्सली/संघम सदस्यों ने स्वयं एवं ग्रामवासियों द्वारा प्रेरित किये जाने पर तथा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत किये गये पुलिस के कार्यों से प्रभावित होकर स्वयं जाकर आत्म समर्पण किया. 17 आत्मसमर्पण संघम सदस्यों के द्वारा नक्सलियों को खाना पहुंचाने, पोस्टर, पम्पलेट चिपकाने संबंधी जानकारी विभिन्न स्रोतों से प्राप्त हुई थी जिसके कारण पुलिस को इनके विस्तृत बयान लेने के संबंध मे तलाश जारी थी. इस संबंध में इनसे पूछताछ करने के लिए भी पुलिस ने इन्हें इनके घरों में तलाशा लेकिन वह नहीं मिले. लेकिन ग्रामीणों के द्वारा आत्मसमर्पण करवाने की कार्यवाही से प्रेरित होकर इनके द्वारा स्वयं आत्मसमर्पण का मन बनाया गया. (घ) इस कार्यालय को शिकायत प्राप्त नहीं हुई है.

## पंजीकृत हाथकरघा, बुनकर सहकारी समिति को कार्यशील बनाने हेतु योजना

25. (*क्र. 2) **श्री नंदकुमार पटेल** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में वर्ष 2006-07 में दिनांक 27-1-2007 तक कुल कितने हाथकरघा बुनकर सहकारी समिति पंजीकृत हैं ? जिलेवार संख्या बतावें ? (ख) क्या माह दिसम्बर 2006 में राज्य सरकार द्वारा बुनकरों के ऋण माफी का फैसला लिया गया ? यदि हां, तो कुल कितने बुनकर सहकारी समितियों की कितनी-कितनी राशि कर्ज माफी की गई है ? (ग) क्या अकार्यशील एवं परिसमापन वाली समितियों को कार्यशील बनाने शासन द्वारा विशेष पैकेज दिये गये हैं ? यदि हां, तो कितनी-कितनी राशि का पैकेज किन-किन समितियों को स्वीकृत किया गया है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) 272 बुनकर सहकारी समितियां पंजीकृत है. जिलेवार संख्या † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) जी हां, प्रदेश के 140 बुनकर सहकारी समितियों को ऋण माफी हेतु राज्य शासन द्वारा 6,40,91,711/- रुपयों का ऋण वहन करने का निर्णय लिया गया है. प्रक्रियाधीन है. (ग) जी नहीं.

------

† परिशिष्ट "आठ"

## तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 3 (क्र. 803) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्र. | सड़क का नाम | प्रशासकीय स्वीकृति की दिनांक | ठेकेदार का नाम | कार्यादेश दिनांक | कार्य पूर्णता की निर्धारित अवधि | समयावृद्धि की तिथि | प्रगति प्रतिशत में | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
| 1. | अभनपुर-सारखी-कोलर-टेकारी-खिलोरा मार्ग लम्बाई-21.50 कि. मी. | 09-01-2003 | मे. एस. बी. इंजीनियर्स | 04-06-2003 | 04-12-2003 | प्रथम बार 13-02-2005 द्वितीय बार 31-12-2006 | 60% | |
| 2. | नयापारा-छाटा-कठिया मार्ग लम्बाई-13.60 कि. मी. | 31-12-2002 | प्रथम बार वाफना अर्थ मूवर्स | 19-05-2003 | 8 माह | | | कार्य छः माह तक बंद रहने के कारण अनुबंध की कंडिका 14 के अंतर्गत कार्य समाप्त किया गया है. |
| | | | द्वितीय बार मे. संजय अग्रवाल | 18-02-2005 | 17-02-2006 (वर्षा ऋतु छोड़कर) | 31-03-2007 तक आवेदित है. | 40% | |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 6 (क्र. 637) के भाग (क) की जानकारी ]

### जिला बस्तर एवं दंतेवाड़ा में बलात्कार एवं हत्या की घटनाओं की माहवार जानकारी

| जिला (1) | माह (2) | हत्या (3) | बलात्कार (4) | जिला (5) | हत्या (6) | बलात्कार (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बस्तर | जनवरी | 07 | 10 | दंतेवाड़ा | 06 | 02 |
| | फरवरी | 03 | 05 | | 15 | 00 |
| | मार्च | 07 | 10 | | 10 | 03 |
| | अप्रैल | 05 | 05 | | 09 | 02 |
| | मई | 05 | 09 | | 06 | 01 |
| | जून | 03 | 11 | | 06 | 00 |
| | जुलाई | 02 | 06 | | 09 | 00 |
| | अगस्त | 07 | 02 | | 08 | 01 |
| | सितम्बर | 04 | 03 | | 08 | 02 |
| | अक्टूबर | 03 | 03 | | 03 | 03 |
| | नवम्बर | 06 | 04 | | 03 | 00 |
| | दिसम्बर | 06 | 03 | | 05 | 00 |
| | योग | 62 | 71 | | 88 | 14 |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 7 (क्र. 517) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र - "अ"

**वर्ष 2005-06 में बिलासपुर जिले में लघु उद्योग लगाने के लिये अनुसूचितजाति, जनजाति के हितग्राहियों की सूची**

| क्र. | हितग्राही का नाम | जाति | उद्योग का नाम | स्वीकृत राशि रु. लाख में | विकासखण्ड | लघु उद्योग स्थापित किया गया (हां/नहीं) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | श्री लोक नाथ वर्मन/स्व. सदऊ, तालापारा, बिलासपुर | अ.ज.जा. | पेटी, कुलर निर्माण | 0.475 | बिल्हा | हां |
| 2. | श्री पुरूषोत्तम कुमार/श्री मथुरा प्रसाद, कृष्णानगर, जूना बिलासपुर | अ. जा. | फेब्रीकेशन वर्कशाप | 0.70 | बिल्हा | नहीं |
| 3. | श्री ब्यासनारायण/श्री सम्मेलाल, ग्राम-अमतरा, पो. लौऊन्दी, बिलासपुर | अ. जा. | पैरा कटिया मशीन | 0.77 | बिल्हा | हां |
| 4. | श्री प्रकाश कुमार/श्री मालिक राम, ग्राम-भिलाई, पो. गतोरा, तह. मस्तूरी | अ. जा. | स्टोन पॉलिशिंग | 0.80 | मस्तूरी | हां |
| 5. | श्री दिनेश कुमार भारद्वाज/स्व. श्री रामवल्लभ, ग्राम धुवांकारी, पो. पचपेड़ी, मस्तूरी | अ. जा | लकड़ी फर्नीचर | 0.50 | मस्तूरी | हां |
| 6. | श्री चन्द्रिका प्रसाद आहिरे/श्री स्व. भगदुल प्रसाद, ग्राम व पोस्ट खैरवार (बैरागी), तहसील मुंगेली | अ. जा. | लकड़ी फर्नीचर | 0.50 | मस्तूरी | हां |
| 7. | श्री गोपचन्द मार्कण्डेय/श्री भगऊ, ग्राम व पो. संगवादेवरी, तह. मस्तूरी | अ. जा. | खपरा निर्माण | 0.10 | मुंगेली | हां |
| 8. | श्रीमती कृष्णादेवी वस्त्रकार/श्री राम कुमार, ग्राम नवापारा, पो. पुटकु, तह. तखतपुर | अ. जा. | वस्त्र निर्माण | 0.80 | तखतपुर | हां |
| 9. | श्री चित्रकांत म्याले/श्री बंशीधर, ग्राम नवागांव, पो. भालूखोधरा, तह. लोरमी | अ. जा. | हॉलरमिल/आटा चक्की | 0.60 | लोरमी | नहीं |
| 10. | श्री मुन्नालाल/श्री बिसाहूराम, ग्राम अंजनी, पो. मोरखार, तह. पेण्ड्रारोड | अ. ज. जा. | ईट निर्माण | 0.50 | पेण्ड्रारोड | नहीं |
| 11. | श्री शिवनाथ सिंह पैकरा/श्री झाडू सिंह, ग्राम कोलामोहा, पो. मिठ्ठू नवागांव, तह. कोटा | अ. ज. जा. | ईट निर्माण | 0.50 | कोटा | हां |
| 12. | श्री सुरेश कुमार डाहिरे/श्री लखनलाल, ग्राम-केवटाडीह, पो. अमोरा, पथरिया | अ. जा. | ईट निर्माण | 0.25 | पथरिया | हां |

प्रपत्र - "घ"

वर्ष 2005-06 विधान सभा क्षेत्र, जरहागांव के हितग्राही जिन्हें प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत लघु उद्योग स्थापना हेतु राशि स्वीकृति की गई

| क्रमांक | हितग्राही का नाम एवं पता | अजा/अजजा/ पिछड़ा/सामान्य | उद्योग का प्रकार | स्वीकृति राशि (रु. लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | श्री संतोष सिंह राजपूत/श्री ललेल सिंह, ग्राम-चारभाठा, पो. कोटवाबानी, तह. मुंगेली | सामान्य | हालर आटा चक्की | 0.70 | बैंक द्वारा स्वीकृत ऋण राशि का वितरण नहीं किया गया. |
| 2. | श्री चंद्रिका प्रसाद अहिरे/स्व. श्री भादुल प्रसाद, ग्राम व पो. खैरवार, (नेगगी) तह. मुंगेली | अनु. जाति | लकड़ी फर्नीचर | 0.50 | उद्योग स्थापित किया गया है. |
| 3. | श्री जवाहर सिंह राजपूत/स्व. श्री लखन सिंह, ग्राम-रोहराखुर्द, पो. गिधा, तह. मुंगेली | सामान्य | लकड़ी फर्नीचर | 0.50 | उद्योग स्थापित किया गया है. |
| 4. | श्री सुरेश कुमार डाहिरे/श्री लखनलाल, ग्राम-केवटाडीह, पो. अमोरा, पथरिया | अनु. जाति | ईंट भट्ठा | 0.80 | उद्योग स्थापित किया गया है. |

## परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 140) के भाग (ख) की जानकारी ]

### प्रस्तावित वृहद औद्योगिक क्षेत्र दगौरी जिला बिलासपुर के भू-अर्जन/हस्तांतरण प्रस्ताव का विवरण

| क्रमांक | ग्राम का नाम | निजी भूमि (हेक्टेयर में) | शास. भूमि (हेक्टेयर में) | योग |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | गोढ़ी | 14,797 | 57.341 | 72.138 |
| 2. | उटगन | 32.179 | 29.676 | 61.855 |
| 3. | भैंसबोड़ | 209.790 | 38.665 | 248.455 |
| 4. | पेंडरवा | 100.541 | 44.833 | 145.374 |
| 5. | किरारी गोढ़ी | 82.668 | 53.407 | 136.075 |
| 6. | धौराभाठा | 10.151 | 4.079 | 14.230 |
| 7. | डोंड़की | 94.466 | 23.327 | 117.793 |
| | योग | 544.592 | 251.328 | 795.920 |

परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 16 (क्र. 61) की जानकारी ]

| क्रमांक | विकासखण्ड | अपराध शीर्ष | दर्ज प्रकरण | कितने प्रकरण में अपराधी पकड़े गये | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | प्रकरण | व्यक्ति |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | अकलतरा | चोरी | 24 | 11 | 17 |
| | | हत्या | 6 | 5 | 11 |
| | | मारपीट | 27 | 24 | 45 |
| | | बलात्कार | 2 | 2 | 5 |
| 2. | पामगढ़ | चोरी | 24 | 12 | 21 |
| | | हत्या | 9 | 6 | 10 |
| | | मारपीट | 56 | 53 | 99 |
| | | बलात्कार | 9 | 7 | 10 |
| 3. | नवागढ़ | चोरी | 57 | 27 | 39 |
| | | हत्या | 9 | 4 | 9 |
| | | मारपीट | 47 | 38 | 73 |
| | | बलात्कार | 9 | 8 | 10 |
| 4. | बलौदा | चोरी | 47 | 18 | 35 |
| | | हत्या | 5 | 4 | 9 |
| | | मारपीट | 31 | 25 | 49 |
| | | बलात्कार | 6 | 5 | 6 |
| 5. | बम्हनीडीह | चोरी | 31 | 15 | 34 |
| | | हत्या | 5 | 4 | 8 |
| | | मारपीट | 26 | 25 | 49 |
| | | बलात्कार | 4 | 3 | 3 |
| 6. | मालखरौदा | चोरी | 25 | 7 | 11 |
| | | हत्या | 3 | 3 | 10 |
| | | मारपीट | 31 | 30 | 61 |
| | | बलात्कार | 6 | 5 | 7 |
| 7. | सक्ती | चोरी | 34 | 15 | 21 |
| | | हत्या | 4 | 2 | 5 |
| | | मारपीट | 21 | 21 | 34 |
| | | बलात्कार | 4 | 3 | 3 |
| 8. | डभरा | चोरी | 34 | 12 | 23 |
| | | हत्या | 7 | 7 | 19 |
| | | मारपीट | 15 | 15 | 28 |
| | | बलात्कार | 4 | 2 | 4 |
| 9. | जैजैपुर | चोरी | 14 | 8 | 14 |
| | | हत्या | 6 | 3 | 4 |
| | | मारपीट | 17 | 16 | 33 |
| | | बलात्कार | 2 | 2 | 5 |
| | महायोग | चोरी | 290 | 125 | 215 |
| | | हत्या | 54 | 38 | 85 |
| | | मारपीट | 271 | 247 | 471 |
| | | बलात्कार | 46 | 37 | 53 |

परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्र. 734 ) के भाग (क), (ख) एवं (ग) की जानकारी ]

वर्ष 2005-06 तथा 2006-07 के लिए प्राप्त बजट प्रावधान

| क्र. | बजट मद 2005-06 | बजट मद 2006-07 | कार्य का नाम | प्रशा. स्वी. की राशि एवं दि. (रु. लाख में) | बजट प्रावधान 2005-06 | बजट प्रावधान 2006-07 | माह 1/07 तक व्यय | प्रगति | निविदा आमंत्रण की तिथि | कार्यादेश दिनांक एवं समय | अनुबंध के अनुसार कार्य पूर्ण होने की तिथि | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) |
| 1. | 1676 | 2264 | झिलमिला जम्हारी साजापाली मार्ग 15.00 कि. मी. | 135.39 06-08-05 | 10.00 | 15.00 | 116.13 | कार्यपूर्ण | 06-10-05 | 20-12-05 12 माह | 19-01-07 | दि. 30-01-06 को कार्य पूर्ण कर लिया गया है. |
| 2. | 1677 | 2265 | बिछिया दुलारपाली मार्ग | 37.70 30-08-05 | 12.00 | 10.00 | 41.51 | कार्यपूर्ण | 08-11-05 | 20-12-05 9 माह | 19-09-06 | दि. 19-07-06 को कार्य पूर्ण कर लिया गया है. |
| 3. | 1678 | 2266 | सरायपाली उमरिया भंवरपुर बड़ेसाजापाली मार्ग 22.50 कि.मी. | 249.67 06-08-05 | 20.00 | 20.00 | 56.92 | ग्रेड-2-20.50 पुलियां-36 नग | 14-10-05 | 31-01-06 18 माह | 30-07-07 | - |
| 4. | 1843 | 2563 | सरायपाली कालीडीह चौड़ीकरण 6.00 कि.मी. | 39.05 19-08-98 | 1.60 | - | 43.00 | चौड़ीकरण- 6.00 कि.मी. | 12-02-02 | 02-09-02 8 माह | 15-06-03 | कार्य पूर्ण |
| 5. | 1844 | 2564 | सरायपाली पदमपुर मार्ग 7.00 कि. मी. | - | 50.00 | 125.00 | - | - | - | - | - | ए.डी.बी में शामिल |
| 6. | 1993 | 3111 | बटकी लखनपुर डोंगरीपाली मार्ग 4.20 कि. मी. | 155.31 24-09-05 | 10.00 | 10.00 | 25.73 | मिट्टी-3.70 मुरम-3.70 ग्रेड-2-3.70 पुलिया-4 नग | 09-11-05 | 10-01-06 12 माह | 09-02-07 | दि. 30-03-07 तक समय वृद्धि हेतु प्रकरण अधीक्षण अभियंता को प्रेषित क्र.-753/ले. प. दि. 12-02-07 |
| 7. | 2109 | 3283 | सरायपाली गाताडीह सरसींवा मार्ग | 499.98 24-05-02 | 100.00 | - | 591.55 | कार्यपूर्ण | 15-07-02 | 09-12-02 18 माह | 08-06-04 | कार्य पूर्ण |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8. | 2116 | 3290 | तोरेसिंघा तोषगांव गढ़कुलझर सल्डीह देवरी मार्ग | 281.00 16-05-03 | 17.00 | 250.00 | - | - | - | - | - | निविदा शास. के. प. क्र. --1034/147/07/19 दि. 09-02-2007 द्वारा स्वीकृत की गई. |
| 9. | 2117 | 3291 | सिंघोड़ा बिरकोल बोडेसरा लम्बर बड़ेसाजापाली मार्ग 29.90 कि. मी. | 360.00 23-03-03 | 100.00 | 320.00 | 78.30 | ग्रेड-2-21.00 पुलिया-47 नग | 18-10-04 | 12-04-05 18 माह | 11-10-06 | दि. 31-03-07 तक कार्य करने की अनुमति अधी. अभि. द्वारा दी गई. |
| 10. | - | 1602 | बैतारी दामोदरहा मार्ग 6.00 कि.मी. (4.00 कि.मी. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शामिल) | 75.77 5-08-06 | - | 20.00 | - | मिट्टी संग्रह प्रगति पर | 05-10-06 | 11-12-06 6 माह | 10-06-07 | - |
| 11. | - | 1603 | सागरपाली जामदरहा मार्ग | 103.22 03-08-06 | - | 30.00 | 4.04 | मुरुम-0.40 पुलिया- 5 नग | 14-09-06 | 31-11-06 10 माह | 29-09-07 | - |
| 12. | - | 1604 | पझरापाली तोषगांव मार्ग | 88.48 03-08-06 | - | 40.00 | - | - | - | - | - | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शामिल अत: निविदा आमंत्रण नहीं किया गया. |
| 13. | - | 2423 | बिछिया मेढ़ापाली उमरिया मार्ग | 89.15 10-08-06 | - | 30.00 | 3.43 | मिट्टी-6.00 पुलिया-5 नग प्रगति पर | 14-09-06 | 23-11-06 8 माह | 11-10-07 | प्रगति पर |
| 14. | - | 2424 | भोथलडीह जलगढ़ मार्ग | - | - | 20.00 | - | - | - | - | - | प्रशा. स्वीकृति की कार्य-वाही प्रचलित है. |
| 15. | - | 2454 | मलदामाल बम्हनीडार मार्ग | 110.86 10-01-07 | - | 30.00 | - | - | - | - | - | निविदा की कार्यवाही प्रचलित है. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16. | - | 2455 | कुटेला माधोपाली बेलमुण्डी मार्ग | - | - | 30.00 | - | - | - | - | - | प्र. मं. ग्रा. स. यो. में शामिल. |
| 17. | - | 3110 | लम्बर बड़ेसाजापाली गोपालपुर मार्ग | - | - | 15.00 | - | - | - | - | - | प्रशा. स्वीकृति की कार्य-वाही प्रचलित है. |
| 18. | - | 3112 | मुढ़ीपार भूथिया सेमलिया मार्ग | - | - | 15.00 | - | - | - | - | - | --,,-- |
| 19. | 72 | 110 | रा. रा. क्र. 6 के कि. मी. 108 भोथलडीह चेक बेरियर के निर्माण कार्य. | 535.77 25-01-06 | 475.00 | 350.00 | - | प्रगति पर | 22-02-06 | - | 29-08-07 | मिट्टी कार्य प्रगति पर |
| 20. | - | 2435 | बोंदा में सड़क किनारे नाली निर्माण कार्य (नया कार्य 2006-07) | - | - | 10.00 | - | - | | - | - | प्रशा. स्वीकृति की कार्य-वाही प्रचलित है. |
| 21. | - | 2436 | बोंदा में मुख्य सड़क पर एक पुल निर्माण कार्य (नया कार्य 2006-07) | - | - | 20.00 | - | - | | - | - | --,,-- |
| | | | | 2761.35 | 795.60 | 1360.00 | 960.61 | | | | | |

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 21 (क्र. 726) के भाग (ग) की जानकारी ]

| क्र. | व्हाऊचर क्र. एवं दि. | भुगतान संबंधी | |
|---|---|---|---|
| | | कार्य का विवरण | राशि (लाखों में) |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | 11/D. L. दि. 10-06-05 | पुलिया, मिट्टी एवं मुरुम कार्य. | 14.80 |
| 2. | 43/D. L. दि. 25-06-05 | पुलिया एवं मिट्टी कार्य | 12.97 |
| 3. | 16/D. L. दि. 09-12-05 | पुलिया, मिट्टी मुरुम एवं ग्रेडिंग-2 प्रथम परत | 57.23 |
| 4. | 37/D. L. दि. 19-01-06 | पुलिया, मिट्टी मुरुम एवं ग्रेडिंग-2 प्रथम परत | 40.90 |
| 5. | 55/D. L. दि. 28-02-06 | पुलिया एवं ग्रेडिंग-1 एवं ग्रेडिंग-2 प्रथम परत | 8.45 |
| 6. | 48/D. L. दि. 13-06-06 | मिट्टी एवं एप्रोच तथा ग्रेडिंग-1 एवं ग्रेडिंग-2 प्रथम परत एवं द्वितीय आंशिक | 30.57 |
| 7. | 01/D. L. दि. 01-08-06 | पुलिया एवं मिट्टी कार्य | 3.08 |
| | | योग रु. | 168.00 |

उपरोक्त किये गये भुगतान में निम्नानुसार कार्य हुए :-

1. साधारण मिट्टी कार्य 1 कि. मी. से 15= 15.00 कि. मी.
2. सलेक्टेड मिट्टी कार्य 16 कि. मी. से 22/8=6.80 कि. मी.
3. मुरुम सबबेस का कार्य 11 से 22/8=11.80 कि. मी. (निर्माणाधीन पुल पुलिया की लंबाई छोड़कर)
4. ग्रेडिंग नं. -1 का कार्य 11 से 15=3.80 कि. मी. (निर्माणाधीन पुल पुलिया की लंबाई छोड़कर)
5. ग्रेडिंग नं.-2 का कार्य प्रथम परत 1 से 15=13.60 कि. मी. (निर्माणाधीन पुल पुलिया की लंबाई छोड़कर)
6. ग्रेडिंग नं.-2 का कार्य द्वितीय परत 11 से 12=398 मीटर
7. पुल पुलिया का कार्य 11 नग स्लेब पुलिया 1 नग मध्यम पुल=12 नग का कार्य पूर्ण किया गया है.

परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 25 (क्र. 2) के भाग (क) की जानकारी ]

**प्रदेश में पंजीकृत जिलेवार बुनकर सहकारी समितियों की जानकारी निम्नानुसार है**

| क्र. (1) | जिले का नाम (2) | समिति संख्या (3) |
|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 30 |
| 2. | धमतरी | 03 |
| 3. | महासमुन्द | 11 |
| 4. | जगदलपुर | 24 |
| 5. | कांकेर | 03 |
| 6. | दंतेवाड़ा | 04 |
| 7. | बिलासपुर | 15 |
| 8. | कोरबा | 04 |
| 9. | दुर्ग | 20 |
| 10. | राजनांदगांव | 30 |
| 11. | कवर्धा | 02 |
| 12. | अम्बिकापुर | 22 |
| 13. | कोरिया | 0 |
| 14. | रायगढ़ | 40 |
| 15. | जशपुर | 10 |
| 16. | जांजगीर | 61 |
| | योग | 272 |